**खबर संक्षेप**

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहार मूल का विक्की फिलहाल महावीर पार्क में रहता है और उसके पास अवैध हथियार है। वह पुराने कोर्ट के रास्ते में किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसको काबू किया। आरोपी के पास पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ।

## फैक्ट्री से सिलेंडर चोरी करने और धमकी देने का आरोप

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में स्थित एक फैक्ट्री में घुसकर इंडस्ट्रियल सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी करने और मालिक को धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही कुछ परिचितों पर आरोप लगाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। फिलहाल आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों में कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस को दी शिकायत में विनय अग्रवाल ने कहा है कि रोहद में उसकी एक फैक्ट्री है। गत 13 मार्च को उसकी बहनें व कुछ अन्य लोग फैक्ट्री में आए और मुझे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 25 मार्च को वे लोग फिर से आए और सिलेंडर सहित अन्य सामान चुरा ले गए। गार्ड को धमकाया तथा मुझे व मेरी पत्नी को भी धमकी दी। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नितिन निवासी गांव सेवली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समीर निवासी गांव सबोली ने शिकायत दी थी कि वह सुबह करीब 9 बजे पार्कर मॉल में फिल्म देखने गया था और अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। फिल्म खत्म होने के बाद उसकी बाइक गायब मिली।

### राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में गणित व एआई पर विस्तार व्याख्यान

# भविष्य में एआई से होगी सभी क्षेत्रों में क्रांति, प्रोग्रामिंग भाषाएं सीखकर खुद को तैयार करें छात्र : प्रो. प्रवेश

**प्रबंधन विभाग में नवाचार और उद्यमिता विकास पर गतिविधियों का आयोजन**

**तीन सर्वश्रेष्ठ विचारों में हेमंत ने पहला, बसंत ने दूसरा और पायल एवं मनदीप ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में गणित और एआई पर विस्तार व्याख्यान, भूगोल विभाग में समूह चर्चा और प्रबंधन विभाग में नवाचार और उद्यमिता विकास पर गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय रोहतक के प्रोफेसर प्रवेश कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि आधुनिक दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है और इसमें गणित की भूमिका सबसे अहम है।

डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ही भविष्य के सभी क्षेत्र में क्रांति लाने वाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाइथन जैसी आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषाओं का प्रयोग करते हुए स्वयं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस के क्षेत्र में पारंगत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

भूगोल विभाग में होर्मुज जलडमरूमध्य के भौगोलिक और रणनीतिक महत्व पर आयोजित समूह चर्चा में एमए प्रथम वर्ष की मंजू , टीना और अन्नु ने पहला स्थान, एमए प्रथम वर्ष की वर्षा तथा बीए प्रथम वर्ष की मानसी और वंशिका ने दूसरा स्थान और एमए प्रथम वर्ष के पंकज तथा बीए प्रथम वर्ष के कर्ण और देवव्रत ने तीसरा स्थान हासिल किया। बीबीए के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे डिजिटल स्टार्टअप, ग्रामीण विकास आधारित व्यवसाय, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उद्यम तथा तकनीकी नवाचार से संबंधित रोचक और उपयोगी विचार साझा किए। तीन सर्वश्रेष्ठ विचारों में हेमंत ने पहला, बसंत ने दूसरा और पायल एवं मनदीप ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य दलबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### कौशल ही व्यक्ति की वास्तविक पहचानः भार्गव

*झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र भार्गव प्रेसिडेंट एमईटी और प्राचार्य दलबीर सिंह ने किया। मुख्य वक्ता राजेंद्र भार्गव ने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों और इंटर्नशिप के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिग्री से अधिक महत्वपूर्ण कौशल विकास है क्योंकि ज्ञान तो इंटरनेट पर सबके पास उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीखने में उम्र कोई बाधा नहीं है और कौशल ही व्यक्ति की वास्तविक पहचान है। युवा केवल नौकरी के पीछे न भागें, बल्कि अपने कौशल और सृजनात्मकता को विकसित करें। उन्होंने प्रभावी बायोडाटा बनाने के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पुस्तकालय के नजदीक हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए खोदाई एवं नलाई का कार्य किया और एआई तथा औषधीय पौधों पर समूह चर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर कर्नल योगेंद्र सिंह, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया, डॉक्टर प्रताप फलसवाल और कांता सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।*



बहादुरगढ़। मेधावी छात्रा को सम्मानित करती शिक्षिका। फोटो : हरिभूमि

## वैश्य आर्य कन्या स्कूल में परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। कक्षा छठी से नौंवी व 11वीं तक की छात्राओं ने इस वर्ष बेहत प्रदर्शन करते हुए अच्छा परिणाम हासिल किया। अपने शिक्षकों और अभिभावकों का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्रिंसिपल व शिक्षकों ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

प्रिंसिपल ने बताया कि आगामी सत्र नए नाम वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम के साथ आरंभ होगा।

## छात्राओं को तनाव से निपटने के उपाय बताए

**मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर हुआ विस्तार व्याख्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या अल्का गुलाटी की अध्यक्षता में मनोविज्ञान विभाग और नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल बहादुरगढ़ के मनोचिकित्सक डॉ. राजन ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए तनाव व अवसाद से निपटने के प्रभावी और व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। अपने व्याख्यान के दौरान डॉ. राजन ने छात्राओं को सकारात्मक सोच विकसित करने, बेहतर समय-प्रबंधन अपनाने और मानसिक शांति के लिए दैनिक जीवन में योग तथा ध्यान को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन मनोविज्ञान विभाग की डॉ. रितु गहलावत द्वारा किया गया। सत्र में छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी शंकाएं और जिज्ञासाएं व्यक्त की तथा जिनका विशेषज्ञ द्वारा बहुत ही सरलता से समाधान कर उनका उचित मार्गदर्शन भी किया गया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को संबोधित करते डॉ. राजन। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। ध्रुव का अभिनंदन करतीं पार्षद मनीषा धनखड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल चैंपियनशिप में ध्रुव प्रसाद ने जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** आंध्रप्रदेश के भीमावरम में आयोजित अंडर-23 नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी ध्रुव प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। ध्रुव ने 63.5 से 67 किलोग्राम भार वर्ग में दम दिखाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। जीतकर लौटने पर बहादुरगढ़ के वार्ड-12 में पार्षद मनीषा धनखड़ द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद मनीषा धनखड़ ने ध्रुव प्रसाद का फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पार्षद धनखड़ ने कहा कि ध्रुव प्रसाद ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय लोगों और युवाओं ने भी ध्रुव प्रसाद को बधाई दी। ध्रुव प्रसाद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और साथियों के सहयोग को दिया।



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## गुरु तेग बहादुर का जीवन साहस, सहिष्णुता और मानवता की रक्षा की मिसाल : डॉ. पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत के उपलक्ष्य में एक दिवसीय ऑनलाइन सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय उनके आध्यात्मिक दर्शन और नैतिक मूल्यों पर केंद्रित रहा।

मुख्य वक्ता इतिहास प्रवक्ता डॉ. पुष्पा ने गुरु तेग बहादुर के व्यक्तित्व, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मानव अधिकारों तथा धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हिंद की चादर के नाम से प्रसिद्ध गुरु तेग बहादुर का जीवन साहस, सहिष्णुता और मानवता की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने औरंगज़ेब के शासनकाल में 11 नवंबर 1675 को दिल्ली में धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया। सेमिनार की संयोजिका डॉ. कुसुम ने बताया कि गुरु तेग बहादुर 1664 में गुरु पद पर आसीन हुए और समाज को समानता, निर्भयता व मानवता का संदेश दिया। बीसीए विभाग की प्रवक्ता शिखा तिवारी और कीर्तिका का विशेष योगदान रहा। सेमिनार के दौरान छात्राओं और वक्ता के बीच विचारोत्तेजक संवाद हुआ।

## डिजिटल युग में शोध पद्धति के उभरते आयामों पर प्रकाश डाला

**वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में शोध पद्धति विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय शैक्षिक अनुसंधान में उभरते रुझान पारंपरिक शोध ढांचे से डिजिटल एनालिटिक्स तक रहा।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा पलवल स्थित स्किल डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एसएफएमएसआर की चेयरपर्सन एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पिंकी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. पिंकी ने पारंपरिक शोध पद्धतियों से लेकर आधुनिक डिजिटल एनालिटिक्स तक के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को शोध के नवीनतम रुझानों, डेटा विश्लेषण की तकनीकों तथा डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में शोध की प्रकृति निरंतर परिवर्तित हो रही है, जहां पारंपरिक विधियों के साथ-साथ डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विभिन्न डिजिटल टूल्स का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बीआरजी के धावकों ने जम्मू में दिया फिटनेस का संदेश



बहादुरगढ़। जम्मू में पहुंचे बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

**मैराथन के पहले संस्करण में 4000 से अधिक धावक हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जम्मू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैराथन में बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में धावकों ने हिस्सा लिया। खराब मौसम का असर प्रतिभागियों के उत्साह पर नहीं पड़ा और फिटनेस का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री उमर अब्दुला ने किया। दौड़ एमए स्टेडियम से शुरू हुई, जिसमें हाफ मैराथन 21, 10 किमी और 5 किमी फन रन शामिल रहीं। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के दीपक छिल्लर और डॉ. किरण छिल्लर ने 10 किमी दौड़ में भाग लेकर ध्यान आकर्षित किया। उनके साथ विनय शाह और शिवानी वर्मा भी शामिल रहे। फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन ने अंकिता के साथ 21 किमी दौड़ में भाग लिया। अभिनेत्री गुल पनाग फ्लैग ऑफ में मौजूद रहीं। कमाल खान और प्रतीक नरुला की प्रस्तुतियां भी हुईं। मैराथन के पहले संस्करण में 4000 से अधिक धावक शामिल हुए, जिनमें 1000 से ज्यादा बाहरी राज्यों से और 90 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी रहे। कुल 1.33 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि घोषित की गई। बीआरजी की धावक मुकेश कुमारी ने 21 किमी दौड़ में चौथा स्थान हासिल किया। आयोजन से पर्यटन और स्थानीय गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### अवैध हथियार व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** स्पेशल स्टॉफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार और कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम शहर थाना क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान सूचना मिली कि दिशांत निवासी सिलाना जिला झज्जर अवैध हथियार लिए हुए सिकंदरपुर मोड छोटा बाईपास के नजदीक खड़ा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही अमरजीत की टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान दिशांत निवासी सिलाना जिला झज्जर के तौर पर की गई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सैनिक नगर में मकान से आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** सैनिक नगर में स्थित एक बंद मकान में चोरी की वारदात हो गई। ताले तोड़कर चोर मकान में घुसे और सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सैनिक नगर के निवासी जयसिंह का कहना है कि वह अपनी ससुराल में भिवानी गया हुआ था। पीछे से मकान बंद था। फिर 28 मार्च की रात को आया तो दरवाजे खुले थे और ताला टूटा पड़ा था। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर सोने चांदी के आभूषण व सिक्के गायब थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वारदात की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी।

### संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नप चेयरपर्सन से गुहार लगाई

# कबीर बस्ती को पक्का कराने व चौपाल निर्माण की मांग

**चेयरपर्सन सरोज राठी ने दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी से मुलाकात की। कॉलोनी को पक्का कराने और चौपाल निर्माण की मांग को लेकर उनको ज्ञापन सौंपा।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बस्ती करीब 60 वर्षों से बसी हुई है, जहां बिजली कनेक्शन व अन्य सरकारी सुविधाएं भी मौजूद हैं। साथ ही, पूर्व जनप्रतिनिधियों के कार्यों के शिलापट्ट भी यहां लगे हैं, जो इसकी पुरानी बसावट का प्रमाण हैं। उन्होंने हाल ही में रविदास जयंती पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार द्वारा उठाई गई मांग का हवाला देते हुए कॉलोनी को नियमित कर मालिकाना हक देने की मांग दोहराई। इस पर चेयरपर्सन सरोज राठी ने आश्वासन दिया कि नगर परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाकर कॉलोनी को पक्का कराने और चौपाल निर्माण के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, महासचिव विजय, सचिव अजय, सदस्य कर्मबीर, संजय किराड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## नहर व तालाबों में नहाने पर रोक के प्रशासन के आदेश बेअसर, चौकसी की मांग

# बुआ हसन तालाब में नाबालिग लगा रहे डुबकी, हादसा होने का अंदेशा

**नाबालिगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि तालाब के बीचों बीच बने गुबंद पर भी चढ़ छलांग लगाते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। ऐतिहासिक बुआ हसन तालाब में नहाते हुए नाबालिग। फोटो : हरिभूमि

गर्मियों की शुरुआत के साथ ही शहर के शहीदी पार्क स्थित ऐतिहासिक बुआ हसन तालाब में नाबालिग बेखौफ डुबकी लगा रहे हैं। प्रतिदिन छह से सात की संख्या में ये नाबालिग पार्क में खेलने के लिए आते हैं और बाद में तालाब में डुबकी भी लगाते हैं। हालांकि पार्क में सैर करने वाले लोगों द्वारा इन्हें रोका भी जाता है, लेकिन ये अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में हादसा होने का अंदेशा भी बना हुआ है। इन नाबालिगों के हौसले इतने बुलंद है कि तालाब के बीचों बीच बने गुबंद पर भी ये नाबालिग चढ़ जाते हैं। जानकारों का कहना है कि इस तालाब की गहराई भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि पार्क परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की जाए और नहाने पर पाबंदी लगाई जाए ताकि अनहोनी घटना घटित होने से रोका जा सके।

जिलाधीश ने नहरों में नहाने व कूदने पर लगाए प्रतिबंधः जिलाधीश स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जिला से होकर गुजरने वाली विभिन्न नहरों में गर्मी के मौसम के दौरान युवाओं व अन्य व्यक्तियों द्वारा नहाने एवं कूदने की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिनमें तेज बहाव एवं अधिक गहराई के कारण डूबने से मृत्यु का गंभीर खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि बीते समय में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जिनमें नहरों में डूबने से लोगों की मृत्यु हुई है। कई मामलों में शव बरामद न होने के कारण प्रशासनिक स्तर पर भी जटिल परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जिससे कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई आती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला झज्जर की सभी नहरों में किसी भी व्यक्ति द्वारा कूदने, छलांग लगाने एवं नहाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रशिक्षण शिविर में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने की दी जानकारी



झज्जर। प्रशिक्षण शिविर के दौरान अपनी बात रखते हुए जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया

सोमवार को झज्जर विधानसभा के तहत नगर, मातनहेल, ग्रामीण एवं साल्हावास मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, जिसमें अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने तथा राष्ट्र के समग्र और संतुलित विकास का संदेश निहित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, मूल सिद्धांतों एवं संगठन के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक माध्यम, सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल युग में कार्यकर्ताओं की भूमिका, नमो ऐप एवं सरल ऐप के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में सामाजिक माध्यम जनसंवाद का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है और प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह इन माध्यमों का सही, सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग करे। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, संजय कबलाना, सरोज राठी, मनीष बंसल, गीतांशु चावला, जयकिशन चिल्लर, दिनेश गोयल, हेमंत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# छोटे सिलेंडरों में गैस भरवाना हुआ चार गुना महंगा, देसी चूल्हे बना रहे प्रवासी श्रमिक

■ गैस की कथित किल्लत व कालाबाजारी मजदूरों पर पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गैस की कथित किल्लत के बीच सबसे अधिक परेशानी प्रवासियों को हो रही है। छोटे सिलेंडरों में महंगे दाम पर गैस भरने के चलते प्रवासी मजदूर परेशान हैं। बड़ी संख्या में दिहाड़ीदार मजदूर और रेहड़ी-पटरी लगाने वाले लोग अब मजबूरी में देशी चूल्हे का सहारा लेने लगे हैं।

## कई के पास नियमित गैस कनेक्शन नहीं

दरअसल, इलाके में बड़ी तादाद में प्रवासी परिवार रहते हैं, जिनमें से कई के पास नियमित गैस कनेक्शन नहीं हैं। ऐसे लोग छोटे (करीब 5 किलो) सिलेंडरों में गैस भरवाते हैं, जो इन दिनों अवैध रूप से ऊंचे दामों पर मिल रही है। जानकारी के अनुसार, कई स्थानों पर गैस की कीमत चार गुना महंगी 400 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जिससे गरीब मजदूरों के लिए इसे खरीदना मुश्किल हो गया है। महंगी गैस के चलते मजदूर अब अपने घरों के आसपास खाली स्थान, बरामदों और छतों पर मिट्टी तथा ईंटों से चूल्हा बना रहे हैं। चूल्हा जलाने के लिए वे बाजार से लकड़ियां खरीदकर ला रहे हैं और उसी पर खाना बनाकर गुजारा कर रहे हैं। हालांकि, कई मजदूरों के सामने यह विकल्प भी आसान नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि मकान मालिक घर गंदा होने का हवाला देकर मिट्टी का चूल्हा बनाने की अनुमति नहीं देते। ऐसे में उन्हें और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि बेहद मुश्किल से गैस मिलती है और दाम काफी है। वहीं, इलेक्ट्रिक इंडक्शन इस्तेमाल करने पर बिजली का बिल अधिक आने का डर बना रहता है। इसी कारण वे मजबूरी में लकड़ियां जलाकर खाना बना रहे हैं। प्रवासी मजदूरों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्याओं की ओर ध्यान दिया जाए।

# शिविर में आठ शिकायतें दर्ज, समाधान के दिए निर्देश

■ शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद करें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल आठ समस्याएं दर्ज की गई हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिक को शिकायत निपटारे के लिए विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी देकर संतुष्ट करें, ताकि शिकायत का स्थायी समाधान हो सके। इस अवसर पर एडीसी जगनिवास, एसडीएम रवि मीणा, एसीपी अखिल कुमार, डीआरओ मनवीर सिंह, डीडीपीओ निशा तंवर, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने डोर टू डोर जाकर दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ भगवान परशुराम भवन की आधारशिला कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया

सोमवार को शहर के रेवाड़ी मार्ग स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में श्री ब्राहम्ण महासभा की बैठक महासभा के प्रधान राज देवरखाना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी पांच अप्रैल को सेक्टर नौ में भगवान परशुराम भवन की आधारशिला कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। बाद में पदाधिकारियों ने नौरंगपुर, ऊंटलौधा, छबीली, अमादलपुर, पाटौदा, असदपुर खेड़ा और अहरी गांवों में डोर टू डोर जाकर लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। महासभा के महासचिव एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पंडित संत सुरेहती ने बताया कि कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राज्य खेलमंत्री गौरव गौतम, विधायक मुकेश पहलवान, पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में रामकेश जीवनपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## गुरुकुल का 61वां वार्षिकोत्सव चार अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** आर्य कन्या गुरुकुल लोवा कलां में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुकुल की प्रथम आचार्या शांति देवी का 93वां जन्मोत्सव व गुरुकुल का 61वां वार्षिकोत्सव चार अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर के अध्यक्ष आर्य हरिओम दलाल ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह गुरुकुल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा गुरुकुल के नवीनीकृत पुस्तकालय का उद्घाटन किया जाएगा। समारोह की शुरुआत यज्ञ से होगी, जिसकी ब्रह्मा आचार्या नीलम शास्त्री प्रवक्ता, इंटर कॉलेज बागपत, उत्तर प्रदेश होंगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत भजनोपदेशक आर्य सहदेव बेधड़क, आचार्य श्रीभगवान शर्मा संगीतज्ञ, दयावती आर्या संरक्षिका, आर्या वीरांगना दल हरियाणा तथा गुरुकुल की छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। वहीं सहयोगी मंडल में अशोक मान प्रधान, छोटूराम धर्मशाला सोसाइटी, आर्यव्रत गोशाला मांडोठी समिति तथा बहादुरगढ़ शहर की विभिन्न ट्रक यूनियन शामिल रहेंगी।

## जल निकासी नालों व ड्रेनों की सफाई समय पर पूर्ण करें : उपायुक्त

**झज्जर।** सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बाढ़ राहत उपायों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन से पहले नगर निकाय, सिंचाई, जन स्वास्थ्य, लोक निर्माण, एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी व मार्केटिंग बोर्ड सहित सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले जल निकासी नालों एवं ड्रेनों की सफाई समय पर पूर्ण करें। साथ ही बाढ़ राहत से जुड़े प्रोजेक्ट्स को भी निर्धारित समय से पहले पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश जनावा ने बताया कि जिले में कुल 58 ड्रेन हैं, जिनमें 7 बड़ी ड्रेन हैं। सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य मानसून से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा।



## जिले में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस के लिए पर्याप्त स्टॉक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सप्लाई चैन सामान्य रूप से कार्य कर रही है। अनावश्यक रूप से स्टॉक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे केवल आवश्यकता के अनुरूप ही पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस लें तथा किसी भी प्रकार की जमाखोरी से बचें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक स्टॉक करना उचित नहीं है, इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी का परिचय दें और जिला प्रशासन का सहयोग करें। जहां तक संभव हो सार्वजनिक परिवहन जैसे बस व रेल सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा।



झज्जर। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने जागरूकता बढ़ाकर किसानों को मत्स्य पालन से जोड़ने के दिए निर्देश

**झज्जर।** सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिले में मत्स्य पालन से जुड़ी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें लो लाइन एरिया में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे क्षेत्र, जहां जलभराव की स्थिति बनी रहती है, वहां मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों का बेहतर उपयोग करते हुए किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर जागरूकता कैंप आयोजित कर किसानों को सब्सिडी, बीज, चारा, तालाब निर्माण, आधुनिक तकनीक और विपणन से संबंधित जानकारी दी जाए। वहीं जिला मत्स्य अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि जिले में 1255 हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है तथा कुल 566 तालाब मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान 13 हजार 913 टन मत्स्य उत्पादन हो चुका है।

## विकसित भारत बिल्डथॉन 2026 का आयोजन भारत मंडपम नई दिल्ली में हुआ

# एचडी साल्हावास के छात्रों ने फाइनल में बनाई जगह

**विजेता विद्यार्थियों को अब सरकार की ओर से दस लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। होनहार विद्यार्थी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत बिल्डथॉन 2026 का आयोजन भारत मंडपम नई दिल्ली में किया गया। जिसमें एच डी साल्हावास के छात्र कार्तिक जाखड़ और मयंक गर्ग की टीम ने पूरे भारत की तीन हजार टीमों में से अंतिम 17 टीमों में अपनी जगह बनाकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। यह उपलब्धि केवल क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय बन गई है। इन विजेता विद्यार्थियों को अब सरकार की ओर से दस लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एच डी प्रबंधन समिति की ओर से भी एक लाख रुपये का विशेष सम्मान दिया जाएगा। विद्यालय के ओलंपियाड प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि विकसित भारत बिल्डथॉन 2026 पूरे विश्व के युवाओं की सबसे बड़ी इनोवेशन समिट थी, जिसमें पूरे भारत से 1 करोड़ 20 लाख विद्यार्थियों की 3000 टीमों में से अंतिम 17 टीमों में एच डी साल्हावास की टीम ने स्थान बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। छात्र कार्तिक जाखड़ और मयंक गर्ग अब मंत्रालय के समक्ष अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे, जिससे युवाओं को ओपन इनोवेशन और नवाचार की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी ने होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## असम चुनाव में नरेश कौशिक को मिली प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी



बहादुरगढ़। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य नेताओं के साथ नरेश कौशिक।

*बहादुरगढ़। असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने प्रवासी प्रभारियों के साथ संगठनात्मक बैठक कर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अगुवाई में हुई बैठक में आगामी 9 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर कार्यक्रमों और अभियानों पर चर्चा हुई। बैठक में बहादुरगढ़ से पूर्व विधायक नरेश कौशिक भी शामिए हुए। उन्हें बिहपुरिया विधानसभा 73 से प्रवासी प्रभारी बनाया गया है। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और विभिन्न राज्यों से जुड़े नेताओं ने भाग लिया। इसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साहू, लखीमपुर के विधायक मानव डेका, संगठन मंत्री रविंद्र राजू, गुजरात से पूर्व सांसद दर्शना देवी, बिहपुरिया से प्रत्याशी भुपेन बोरा, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, डॉ. अभय यादव, पूर्व मंत्री विशंभर वाल्मीकि, विधायक संदीप सहरावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नरेश कौशिक ने विश्वास जताया कि पार्टी को जनता का समर्थन मिलेगा।*

## खबर संक्षेप

### पीवीसी की डंपिंग और अनलोडिंग पर रोक



**बहादुरगढ़।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए बहादुरगढ़ क्षेत्र में अवैध तरीके से प्लास्टिक कचरे की डंपिंग व अनलोडिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। आदेशों के अनुसार, बहादुरगढ़ में अवैध पीवीसी बाजार के चलते प्लास्टिक कचरा अनधिकृत रूप से सार्वजनिक स्थानों व भूमि पर डंपिंग करने से वायु और जल प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यह जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है और आमजन के जीवन की गुणवत्ता एवं शांति व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आदेश आमजन के हित में पारित किया गया है। यह आदेश 31 मार्च से 29 मई 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इन आदेशों के अनुपालन की जिम्मेदारी पुलिस विभाग, आरटीए, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यकारी अधिकारी तथा संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को सौंपी गई है। डीसी ने कहा कि जो भी इन नियमों की पालना नहीं करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दुल्हेड़ा में फंदा लगाने से व्यक्ति की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में फंदा लगाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 44 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। राजेश का शव के उसके प्लॉट में फंदे पर लटका हुआ पाया गया। जब तक परिजनों की नजर पड़ती देर हो चुकी थी। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। बताते हैं कि राजेश मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। फंदा लगाने का कारण, जांच का विषय है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी मंदिर में भंडारा दो अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 2 अप्रैल को लाइनपार के विकास नगर स्थित बालाजी मंदिर में तीसरे वार्षिक भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेवक राजवीर ने बताया कि सुबह हवन से धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद भंडारा शुरू होगा। भजन मंडलियों द्वारा बाबा की महिमा का बखान किया जाएगा।

**जमींदारों के सामने मौसम ने खड़ा किया बड़ा संकट**

# बरसात से गेहूं की फसल बिछी उत्पादन घटने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सोमवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा, जिसके कारण किसानों की सांसें अटकी रहीं। किसानों को अपनी फसल खराब होने का डर सताता रहा। दिन में दो बार स्थिति ऐसी बनी की घनघोर घटा छा गई और तेज हवाओं के साथ एकाएक तेज बारिश होने लगी। गणीमत यह रही कि तेज बारिश मात्र पांच से दस मिनट तक ही हुई। फिर भी फसलों को बहुत नुकसान हुआ। मौसम विभाग द्वारा तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया हुआ है। जिसके कारण किसान काफी चिंतित हैं। किसान सुरेंद्र पहलवान ने बताया कि गेहूं की फसल खड़ी है, बरसात के साथ तेज हवा चलने से फसल नीचे गिर जाएगी, जिससे पैदावार कम होगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले हुई बारिश से भी काफी नुकसान हुआ है। अगर फिर बारिश होती है तो पूरी मेहनत पर ही पानी फिर जाएगा।

### सुबह तेज धूप, दिन में बूंदाबांदी से बदला मौसम

**बहादुरगढ़।** सोमवार को इलाके में मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। सुबह जहां तेज धूप निकलने से तापमान बढ़ा तो वहीं, दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। बूंदाबांदी हुई और ठंडी हवा चली। रविवार को अधिकतम 35 डिग्री तक पहुंच गया। सोमवार की सुबह भी तेज धूप खिल आई लेकिन दोपहर होते-होते मौसम बदल गया। कुछ देर के लिए बूंदाबांदी हुई और तेज हवा चली। शाम तक ठंडी हवा चलती रही।



**झज्जर।** बरसात और तेज हवा के कारण बिछी गेहूं की फसल, जिससे किसानों को उत्पादन में कमी की आशंका बढ़ गई है।

## अनाजमंडी में सरसों की सरकारी खरीद का नहीं दिख रहा रुझान

# सरसों के कटे केवल चार टोकन, व्यापारियों को 300 से 500 रुपये ज्यादा में बेच रहे किसान

- सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल है निर्धारित, आढ़ती किसानों से अधिक में खरीद रहे फसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सरकारी फसल खरीद प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद किसान व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं। क्यूंकि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य जहां 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, वहीं व्यापारी 6500 रुपये से 6800 रुपये तक सरसों की खरीद कर रहे हैं। इसके लिए किसान नजफगढ़ और फर्रुखनगर मंडी की ओर रुख कर रहे हैं। सोमवार को बहुत कम किसान सरसों की फसल बेचने के लिए अनाज मंडी परिसर पहुंचे। स्थानीय अनाज मंडी में मात्र चार टोकन ही काटे गए।

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल की अध्यक्षता में सोमवार को गेहूं की खरीद को लेकर संबंधित विभागों व खरीद एजेंसियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले की मंडियों में सरसों व गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने फसल खरीद को सुचारू रूप से करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरसों में आठ प्रतिशत से ज्यादा और गेहूं में 12 प्रतिशत से ज्यादा नमी नहीं होनी चाहिए। वहीं खरीदी गई उपज का नियमित उठान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




**झज्जर।** बैठक के दौरान दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### गेहूं खरीद के 10 केंद्र निर्धारित



सरसों खरीद के लिए टोकन काटते हुए।

डीसी ने बताया कि जिले में गेहूं की खरीद के लिए झज्जर, बेरी, छारा, मातनहेल, माजरा दूबलधन, बहादुरगढ़, पाटोदा, आसौदा, बादली तथा ढाकला सहित कुल 10 मंडियां निर्धारित की गई हैं, जबकि सरसों की खरीद के लिए झज्जर, बेरी, मातनहेल, ढाकला एवं बहादुरगढ़ मंडियों में व्यवस्था की गई है।



**बेरी।** अनाज मंडी में तैयारियों का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने किया माजरा डी मंडी का दौरा फसल खरीद तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरी

सोमवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने माजरा डी स्थित अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होने जा रही है। खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद को लेकर उपमंडल प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने माजरा खरीद केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, बिजली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना और खरीद प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि रबी सीजन में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# तेज रफ्तार थार ने तीन वाहनों को मारी टक्कर छह लोग घायल




**झज्जर।** पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई थार गाड़ी।

- गांव लुहारी के नजदीक अनियंत्रित होकर थार पेड़ से जा टकराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

क्षेत्र के गांव लुहारी के नजदीक तेज गति से आ रही थार गाड़ी ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मार दी। जिसके चलते करीब छह लोग घायल हो गए। बाद में अनियंत्रित होकर थार गाड़ी भी पेड़ से जा टकराई और क्षतिग्रस्त हो गई। एकाएक हुई इस दुर्घटना से आसपास क्षेत्र में भगदड़ मच गई और काफी लोग मौके पर एकत्रित हो गए। आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

तेज गति से आ रही थार गाड़ी ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार मुस्कान व संदीप निवासी लुहारी घायल हो गए। बाद में थार गाड़ी ने एक थ्रीव्हीलर को अपने चपेट में ले लिया। इसके चलते थ्रीव्हीलर में सवार कन्हैया लाल, विशाल और राजबीर घायल हो गए। थार ने एक टैंपो को भी टक्कर मारी। बाद में थार गाड़ी चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया। लेकिन गाड़ी की गति तेज होने के कारण वह अंसतुलित होकर पेड़ टकरा गई। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### ढाकला में बेटे ने पिता पर चलाई गोली, बाजू में लगी

**झज्जर।** गांव ढाकला में जमीन विवाद के चलते एक बेटे ने अपने ही पिता पर ऊपर गोली चला दी। गोली पिता के बाजू में लगी। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पहचान ईश्वर सिंह के तौर पर हुई है। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झज्जर मोड़ पर दुकान की सीढ़ियों पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

झज्जर मोड़ के निकट स्थित एक दुकान के बाहर स्टील की सीढ़ियों में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष आंकी जा रही है। चर्चा है कि युवक नशे की हालत में सीढ़ियों पर चढ़ा। फिसलने के कारण पांव अटक गया और वह उल्टा लटक गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। बाकी असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। सिटी थाना पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### गांव मांडोठी में सड़क किनारे मिला शव

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना रविवार की है। दरअसल, किसी राहगीर की सड़क किनारे पड़े युवक पर नजर गई। नजदीक जाकर देखा तो उसकी सांस थमी हुई थी। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। जांच अधिकार वीरेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। शराब के अत्याधिक सेवन या किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है।

**बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल, चोरी के बाद बेखौफ चोरों ने वहीं की पार्टी**

# चोरों ने अस्पताल में एसी की आउटडोर यूनिट से कॉपर वायर काटी, शराब भी पी

**सीटी स्कैन और एक्सरे वार्ड के एसी को बनाया निशाना**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में रात्रि को सुरक्षा व्यवस्था चौपट है। यहां कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है। हाल ही में अब यहां सीटी स्कैन व एक्सरे वार्ड में लगे एसी की आउटडोर यूनिट से कॉपर वायर काट ली गई।

न केवल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, बल्कि शातिरों ने वहीं बैठकर शराब का भी सेवन किया। मौके पर मिली बीयर की बोतलें इस बात की गवाही दे रही हैं कि शातिरों के मन में कोई भय नहीं है। हालांकि इससे पहले भी अस्पताल परिसर में कई बार चोरी की वारदात हो चुकी हैं। कभी चिकित्सा संबंधित उपकरण व कंप्यूटर चोरी हुए तो कभी एयर कंडीशनर की आउटडोर यूनिट पर हाथ साफ कर दिया गया। हालांकि अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है लेकिन इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम दे जाते हैं। हाल ही में यहां सीटी स्कैन की सुविधा चालू हुई है। सीटी स्कैन वाले क्षेत्र से ही दो आउटडोर यूनिट की वायर काटी गई है। जबकि एक्सरे रूम के बाहर लगे कंप्रेसर से भी तार काट ली गई। डिस्पेंसरी के साथ शराब की सात खाली बोतलें पड़ी हुई मिली। कुछ दिन पहले ही यह वारदात हुई है लेकिन सोमवार दोपहर तक केस दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। ऐसे में सवाल यही है कि चोर यहां शराब पीते हैं, वारदात करते हैं और आसानी से निकल जाते हैं। ऐसे में स्टाफ व मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान है।






**बहादुरगढ़।** मौके पर मौजूद बीयर की बोतलें और इस आउटडोर यूनिट की काटी गई वायर।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# निजी स्कूल निर्धारित दुकान से ड्रेस व किताबें खरीदने के लिए नहीं करेंगे बाध्य : बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी विद्यालयों द्वारा वर्दी, किताबें और री-एडमिशन फीस के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने इस संबंध में तमाम निजी स्कूलों को आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, कोई भी निजी विद्यालय दाखिले के समय वर्दी या किताबें बदलने के साथ ही री-एडमिशन फीस नहीं वसूलेगा। साथ ही स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को किसी एक निर्धारित दुकान से ही ड्रेस या किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह का कहना है कि यदि कोई विद्यालय, अभिभावकों पर इस प्रकार का दबाव बनाता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामला उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे एचबीएसई व सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही दाखिला प्रक्रिया पूरी करें और स्कूल एजुकेशन पॉलिसी के नियमों का सख्ती से पालन करें। इस आदेश की प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी झज्जर को भी भेजी गई है, ताकि नियमों की पालना सुनिश्चित की जा सके।



### छोटी कक्षाएं, महंगी किताबें

उधर, शहर के निवासी सचिन, नवीन आदि का कहना है कि निजी स्कूलों की किताबों के रेट बहुत महंगे हैं। छोटी कक्षाओं की किताबों की कीमत कई कई हजार की है और पुरानी होने के बाद ये किसी के काम भी नहीं आएंगी। किताबों के भी रेट तय किए जाएं। अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करें और ये देखें कि उनके आदेशों का जमीनी स्तर पर पालन हो रहा है या नहीं।

# गाड़ी चालक से नगदी छीनने पर एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा पिकअप गाड़ी चालक से नगदी छीनने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव ने बताया कि सोनू निवासी सुनारिया जिला सवाई माधवपुर राजस्थान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष निवासी रायपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

